# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, राजीव गांधी भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2715548, E-mail: mis.nsqf.raj@gmail.com


क्रमांक: रास्कूशिप/जय/व्या.शि./2024-25/ दिनांक / /2025

## राजस्थान के सरकारी स्कूलों में एक दिवसीय कैरियर मेले के आयोजन के लिए दिशा-निर्देश सत्र 2024-25

विषय-सूची


1. परिचय।
2. कैरियर मेले के उद्देश्य।
3. मेले से पहले की गतिविधियाँ (सात दिन पहले)।
4. कैरियर मेले की गतिविधियाँ।
5. छात्राओं के लिए विशेष गतिविधियाँ।
6. अभिभावकों को शामिल करना: माता-पिता, पंचायती राज संस्थाएँ और अन्य।
7. सीएसआर संसाधनों का लाभ उठाना।
8. सरकारी विभागों की सक्रिय भागीदारी।
9. मेले के बाद की गतिविधियाँ।
10. वित्तीय प्रावधान।


### 1. परिचय

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्कूल और उच्च शिक्षा प्रणाली के लिए कुछ लक्ष्यों और सिफारिशों को निर्धारित करके करियर और व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालती है। इसी के अंतर्गत स्टार्स प्रोजेक्ट के मद में गत वर्ष किये गए करियर मेलों के सकारात्मक परिणामों के आधार पर सत्र 2024-25 में 11751 क्लस्टर एवं 154 पीएमश्री विद्यालय में करियर मेले का आयोजन किये जाने हेतु अनुमोदन प्राप्त हुआ है। विद्यालयों में करियर मेले विद्यार्थियों को अपने भविष्य के करियर विकल्पों को जानने और उन्हें प्राप्त करने के तरीकों पर समझ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। करियर मेले के आयोजन से विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर विभिन्न करियर विकल्पों को समझने का मौका प्रदान किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थी विभिन्न उद्योगों के विषय विशेषज्ञों के साथ संवाद करेंगे, विभिन्न रोजगारों/व्यवसाय की भूमिकाओं के बारे में जान सकेंगे, और उन करियरों के लिए आवश्यक कौशल और योग्यताओं को समझ सकेंगे। करियर मेला के माध्यम से विद्यार्थियों को नए करियर मार्गों की खोज में सहायता प्रदान की जाएगी।

> करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श एक चिन्तनीय एवं संवेदनशील कार्य है। इस कार्य में प्रशिक्षित एवं पारंगत व्यक्ति ही उचित रूप से कार्य कर सकता है। विद्यालय में इस समय प्रशिक्षित मार्गदर्शक एवं परामर्शक कार्यरत नहीं है। अतः मेले के आयोजन के दौरान संचालित गतिविधियों में इस ओर विषेष ध्यान रखा जाए कि आंगतुक पेशेवर कर्मी अध्ययनरत विद्यार्थियों को विषय विशेष के चयन की ओर प्रेरित न करें। वे केवल अपने कामकाज एवं उस काम-काज में आने वाली चुनौतियों, समस्याओं तथा उनसे संघर्ष करने के तरीकों से बच्चों को रूबरू करवाए। मेले में बच्चों को अधिक से अधिक रोजगारों/व्यवसायों के बारे में जानकारी दी जाए ताकि वे स्वयं अपनी रूचि/प्रकृति के आधार पर अपने करियर चयन की ओर अग्रसर हो सके।

कैरियर मेला शिक्षकों, पेशेवरों, व्यवसायों और स्थानीय संस्थानों को शामिल कर कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर मार्गों को समझने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक मंच है। मेले का उद्देश्य विशेष रूप से राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों द्वारा महसूस की जाने वाली कैरियर-संबंधी आकांक्षाओं और चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करना है।

साथ ही करियर मेले का उद्देश्य स्कूलों, समुदायों और व्यवसायों के सक्रिय सहयोग और विभिन्न सरकारी विभागों से संसाधनों का उपयोग कर विद्यार्थियों को विभिन्न अवसरों और रोल मॉडल से जोड़कर उन्हें प्रेरित करना है। करियर मेले के माध्यम से यह पहल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य पर प्रभाव डालने में सार्थक सिद्ध होगी।

## 2. कैरियर मेले के उद्देश्य

- स्थानीय स्तर पर उपलब्ध रोजगार/व्यवसाय करने वाले लोगों की जानकारी उपलब्ध कराना।
- अध्ययन एवं रोजगार/व्यवसाय में आपसी समन्वय की समझ विकसित करना।
- विभिन्न कार्यक्षेत्र में आवश्यकताए एवं अवसरो की जानकारी प्रदान करना।
- विद्यार्थियों को कक्षा 10 और 12 के बाद उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान करना।
- कैरियर मार्गदर्शन में स्थानीय पेशेवरों, व्यवसायों और संस्थानों को शामिल करना।
- छात्राओं को पारंपरिक और अपरंपरागत दोनों तरह के कैरियर के रास्ते तलाशने के लिए प्रोत्साहित करना।
- स्कूलों, स्थानीय समुदायों और उद्योगों के बीच सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना।

विद्यालय स्तरीय करियर मेले से संबंधित पूर्वोक्त गतिविधियों के आयोजन हेतु निम्न प्रक्रिया की पालना सुनिश्चित की जाये:-

| | |
|---|---|
| समिति का गठन | शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों, करियर परामर्शकों, अभिवावकों और स्वयंसेवकों से मिलकर एक समिति का निर्माण करें जो करियर मेले के योजना और कार्यान्वयन में सहायता करेगी। सदस्यों को निर्दिष्ट कार्य और जिम्मेदारियाँ सौंपें, सुनिश्चित करें कि स्पष्ट संचार और समन्वय हो। |
| टीम का गठन | करियर मेले की गतिविधियों के आयोजन में सहायता करने के लिए शिक्षकों, अभिवावकों और स्वयंसेवकों की टीम बनाएँ। |
| जनभागीदारी | स्थानीय भामाशाहों को चिन्हित कर मेले के आयोजन हेतु स्थल, टैण्ट, भोजन इत्यादि सहयोग हेतु संपर्क करें। अस्पताल एवं बैंक शाखाओं से उनके द्वारा संचालित आउटरीच कार्यक्रम अन्तर्गत मेले में स्टॉल लगाने के लिए संपर्क करें। साथ ही मेला आयोजित करने में कॉ-स्पोसंर बनने हेतु संपर्क करें। |

| | |
|---|---|
| एनजीओ एवं अन्य संस्थाओं से सहयोग | स्थानीय स्तर पर कार्य करने वाले एनजीओ से योजना निर्माण एवं अन्य आवश्यक सहयोग हेतु संपर्क करें। करियर मार्गदर्शन में कार्य करने वाली स्थानीय संस्थाओं से सहयोग प्राप्त करने हेतु संपर्क करें। |
| एसडीएमसी बैठक | विद्यालय में गठित एसडीएमसी से मेले के आयोजन दिनांक से 2 सप्ताह पूर्व बैठक कर सहयोग हेतु संपर्क करें। |
| स्थान का निर्धारण | विद्यालय परिसर में एक स्थान का चयन करें जो मेले की गतिविधियों के लिए उपयुक्त हो। मेले के स्थान तक दिव्यांग विद्यार्थियों की पहुँच सुगम हो। |
| स्थानीय प्रतिभाओं का उद्बोधन | विषय विशेषज्ञों, कंपनियों, प्रशिक्षण संस्थानों और करियर सलाहकारों को मेले में भाग लेने के लिए आमंत्रित करें। |
| गतिविधियों की व्यवस्था | प्रत्येक गतिविधि के लिए आवश्यक सामग्री और संसाधनों की व्यवस्था करें। उचित स्थान, सामग्री, उपकरण और प्रशिक्षकों की व्यवस्था करें। |

## करियर मेले का प्रचार एवं प्रसार -

**प्रचार सामग्री -** करियर मेले के विवरणों को हाइलाइट करने वाले आकर्षक पोस्टर, फ्लायर(ब्रोशर) और बैनर का निर्माण करें।

**विभिन्न संचार माध्यमों का उपयोग -** विद्यालय का सूचना बोर्ड, ई-मेल, न्यूज़लेटर, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और विद्यालय वेबसाइट का उपयोग करें ताकि मेले के बारे में जानकारी प्रसारित हो सके।

**स्थानीय मीडिया के साथ सहयोग -** स्थानीय अख़बारों, रेडियो स्टेशन और टेलीविजन चैनल से संपर्क करें ताकि करियर मेले की कवरेज हो सके और समुदाय में जागरूकता बढ़ाई जा सके

**शिक्षकों और विद्यार्थियों का आपसी सहयोग -** शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ मेले के बारे में चर्चा करने के लिए निर्देश प्रसारित करें। शिक्षक विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें और विद्यार्थी समुदाय में उत्साह बढ़ाएं।

## करियर मेला 2024-25 हेतु पूर्व तैयारी -

करियर मेला विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रख कर आयोजित किया जाना है। इस हेतु प्रत्येक विद्यालय को जिला एवं ब्लॉक स्तर से आवश्यक तैयारियों हेतु निर्देशित किया जाए। करियर मेले में उपयोग की जाने वाली सामग्री बजट प्रावधान में दिए गए विवरणानुसार क्रय की जाए। अतिरिक्त राशि/सामग्री की आवश्यकता होने पर भामाशाहों का सहयोग लिया जाए। करियर मेले में स्टॉल पर गतिविधि हेतु आवश्यक टीएलएम, चार्ट, पोस्टर, कॉलाज आदि का निर्माण पूर्व में ही पूर्ण कर लिया जाए।

करियर मेले में उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9 से 12 तक के समस्त विद्यार्थी भाग लेगें। गतिविधियों में सभी विद्यार्थियों को भाग लेने का अवसर दिया जाए। करियर मेले से साथ दिवस पूर्व कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के साथ मेले की तैयारियों को किया जाए, इससे विद्यार्थियों में भागीदारी की भावना पैदा होगी और साथ ही वे करियर के विभिन्न पहलुओं को सीख भी सकेंगे। क्लस्टर विद्यालयों के अतिरिक्त क्लस्टर में स्थित अन्य विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को क्लस्टर विद्यालयों में शामिल किया जाएगा।

## 3. मेले से पहले की गतिविधियाँ (सात दिन पहले)

| दिवस | उद्देश्य | गतिविधि |
|---|---|---|
| दिन 1: कैरियर जागरूकता कार्यशालाएँ | **उद्देश्य**: STEM, कला, वाणिज्य, खेल और व्यावसायिक व्यापार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर विकल्पों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देना। | **गतिविधि**: इंटरैक्टिव सत्र आयोजित करना, जहाँ कैरियर परामर्शदाताओं द्वारा वीडियो, चार्ट और वास्तविक जीवन के उदाहरण प्रस्तुत किए जाते हैं। इसके लिए शिक्षक राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एण्ड प्रशिक्षण परिषद द्वारा तैयार जॉब कार्ड्स और अन्य सामग्री का प्रयोग करें। विद्यार्थी अपनी शंकाओं को स्पष्ट करने के लिए प्रश्न पूछ सकते हैं। सत्र इंटरैक्टिव होने चाहिए, जिसमें विभिन्न व्यवसायों की चुनौतियों और पुरस्कारों को उजागर करने के लिए रोल-प्ले या कहानी सुनाने का उपयोग किया जाना चाहिए। शिक्षक इस दिन विद्यार्थियों को करिअर पोर्टल दिखाकर विभिन्न जॉब्स के बारे में बात सकते हैं। |
| दिन 2: कैरियर आकांक्षा सर्वेक्षण | **उद्देश्य**: विद्यार्थियों की रुचियों और आकांक्षाओं को समझना। | **गतिविधि**: विद्यार्थियों को एक सर्वेक्षण फ़ॉर्म वितरित किया जाए, जिसमें उनके सपनों के करियर, पसंदीदा अध्ययन विषयों और कथित बाधाओं के बारे में प्रश्न होते हैं। इसके लिए शिक्षक आरएससीईआरटी, उदयपुर द्वारा तैयार विद्यार्थियों हेतु तैयार बुकलेट "सफर" का उपयोग कर सकते हैं। सारथी को आरएससीईआरटी के आकलन के पोर्टल से और करियर गाइडन्स पोर्टल से देखा जा सकता है। शिक्षक सर्वेक्षण के बाद व्यक्तिगत आकांक्षाओं का विस्तार से पता लगाने के लिए आमने-सामने चर्चा कर सकते हैं। परिणाम कैरियर मेले की सामग्री को तय करने में मदद कर सकते हैं। |
| दिन 3: कौशल पहचान गतिविधि | **उद्देश्य**: विद्यार्थियों को उनके कौशल की पहचान करने में मदद करें। | **गतिविधि**: विद्यार्थियों की प्राकृतिक प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए योग्यता परीक्षण और व्यक्तित्व प्रश्नोत्तरी आयोजित करें। विद्यार्थियों को उनके परिणामों की व्याख्या करने में मदद करने के लिए शिक्षकों को विद्यार्थियों से संवाद करना चाहिए। इन कौशलों को संभावित करियर के साथ कैसे जोड़ा जाता है, इस पर चर्चा की जानी चाहिए, जिससे स्पष्टता और प्रेरणा सुनिश्चित हो सके। इसके लिए शिक्षक आरएससीईआरटी द्वारा तैयार शिक्षक हैन्ड्बुक "सारथी" का उपयोग कर सकते हैं। सारथी को आरएससीईआरटी के आकलन के पोर्टल से और करियर गाइडन्स पोर्टल से देखा जा सकता है। शिक्षक विद्यार्थियों से संवाद के लिए करियर पोर्टल पर |

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, राजीव गांधी भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017

दूरभाष: 0141–2715548, E-mail: mis.nsqf.raj@gmail.com


| | | |
|---|---|---|
| | | दिए गए 'जॉब कार्ड्स' में दी गई व्यक्तिगत क्षमताओं के साथ जोड़कर भी चर्चा कर सकते हैं। |
| दिन 4: पोस्टर और मॉडल बनाने की प्रतियोगिता | **उद्देश्य**: विद्यार्थियों को रचनात्मक रूप से विभिन्न करियर का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित करें। | **गतिविधि**: विद्यार्थी अपने चुने हुए करियर को दर्शाने वाले पोस्टर या मॉडल बनाने के लिए टीमों में काम करते हैं, जैसे कि इंजीनियर की कार्यशाला या डिजिटल मार्केटिंग कार्यालय। सुविधा प्रदाताओं को सामग्री प्रदान करनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि गतिविधि रचनात्मकता, टीमवर्क और ज्ञान-साझाकरण पर जोर देती है। |
| दिन 5: पूर्व विद्यार्थियों के अतिथि व्याख्यान | **उद्देश्य**: वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित करें। | **गतिविधि**: सफल पूर्व विद्यार्थियों को अपनी यात्रा साझा करने के लिए आमंत्रित करें, इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि उन्होंने किन बाधाओं को पार किया और कैसे उन्होंने अपने लक्ष्य हासिल किए। सत्र में विद्यार्थियों के लिए करियर की चुनौतियों और तैयारी के बारे में व्यावहारिक प्रश्न पूछने के लिए एक खुला प्रश्नोत्तर शामिल होना चाहिए। इसके लिए शिक्षक आरएससीईआरटी द्वारा विद्यार्थी करियर कार्य योजना बनाने में मदद करने के लिए तैयार "सफर" के चैप्टर 5 का उपयोग कर सकते हैं। सफर बुकलेट को आरएससीईआरटी के आकलन के पोर्टल से और करियर गाइडन्स पोर्टल से देखा जा सकता है। |
| दिन 6: माता-पिता के साथ संवाद | **उद्देश्य**: माता-पिता को अपने बच्चों की करियर आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए तैयार करें। | **गतिविधि**: शिक्षा और करियर नियोजन के मूल्य पर जोर देते हुए एक सूचनात्मक सत्र आयोजित करें। उन माता-पिता से प्रशंसा पत्र शामिल करें जिनके बच्चों ने अपरंपरागत करियर अपनाया है। माता-पिता अपने विचार साझा करने और दूसरों से सीखने के लिए समूह चर्चा में भी भाग ले सकते हैं। शिक्षक माता-पिता से चर्चा करे कि वे अपने बच्चों से उनकी रूचि और आकांक्षाओं के बारे में जरूर बात करे। इसके लिए शिक्षक आरएससीईआरटी द्वारा विद्यार्थी करियर कार्य योजना बनाने में मदद करने के लिए तैयार "सफर" के चैप्टर 9 का उपयोग कर सकते हैं। सफर बुकलेट को आरसीईआरटी के आकलन के पोर्टल से और करियर गाइडन्स पोर्टल से देखा जा सकता है। |
| दिन 7: करियर मेले की तैयारी | **उद्देश्य**: आवश्यक सामग्री और विद्यार्थी भागीदारी को अंतिम रूप देना। | **गतिविधि**: विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को विशिष्ट भूमिकाएँ सौंपें, जैसे कि स्टॉल का प्रबंधन करना या मेहमानों का स्वागत करना। यह सुनिश्चित करने के लिए एक पूर्वाभ्यास आयोजित करें कि सभी प्रतिभागी अच्छी तरह से तैयार हैं। स्टॉल व्यवस्था, बैनर और सामग्री जैसी रसद की समीक्षा की जानी चाहिए। |

## 4. कैरियर मेले की गतिविधियाँ

**आयोजन की दिनांक व विद्यालय-**

- करियर मेले का आयोजन 11751 क्लस्टर स्तरीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों और 154 (द्वितीय चरण) पीएमश्री विद्यालयों में दिनांक 10 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाना है।
- जिलेवार विद्यालयों की सूची निम्नानुसार है-

| Sr No | District | No of cluster school | No of PM Shri school |
|---|---|---|---|
| 1 | AJMER | 349 | 3 |
| 2 | ALWAR | 597 | 10 |
| 3 | BANSWARA | 423 | 3 |
| 4 | BARAN | 241 | 3 |
| 5 | BARMER | 697 | 2 |
| 6 | BHARATPUR | 418 | 5 |
| 7 | BHILWARA | 414 | 8 |
| 8 | BIKANER | 381 | 5 |
| 9 | BUNDI | 195 | 4 |
| 10 | CHITTAURGARH | 310 | 4 |
| 11 | CHURU | 319 | 9 |
| 12 | DAUSA | 293 | 5 |
| 13 | DHAULPUR | 197 | 4 |
| 14 | DUNGARPUR | 360 | 2 |
| 15 | GANGANAGAR | 360 | 6 |
| 16 | HANUMANGARH | 279 | 5 |
| 17 | JAIPUR | 659 | 4 |
| 18 | JAISALMER | 211 | 1 |
| 19 | JALOR | 314 | 3 |
| 20 | JHALAWAR | 262 | 2 |
| 21 | JHUNJHUNU | 351 | 8 |
| 22 | JODHPUR | 652 | 2 |
| 23 | KARAULI | 249 | 4 |
| 24 | KOTA | 178 | 3 |
| 25 | NAGAUR | 514 | 10 |
| 26 | PALI | 356 | 7 |
| 27 | PRATAPGARH | 239 | 2 |
| 28 | RAJSAMAND | 221 | 4 |
| 29 | SAWAI MADHOPUR | 232 | 2 |
| 30 | SIKAR | 389 | 12 |
| 31 | SIROHI | 178 | 4 |

| Sr No | District | No of cluster school | No of PM Shri school |
|---|---|---|---|
| 32 | TONK | 246 | 6 |
| 33 | UDAIPUR | 667 | 2 |
| | **Grand Total** | **11751** | **154** |

**प्रस्तावित गतिविधियाँ -**

**करियर मेला अंतर्गत निम्नांकित गतिविधियाँ विद्यालय स्तर पर आयोजित की जायेगी -**

| | |
|---|---|
| उद्घाटन | गतिविधि: कैरियर मेले की शुरुआत स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में उद्घाटन समारोह से होती है। इस समारोह में कैरियर मार्गदर्शन के महत्व पर जोर देने वाला एक प्रेरक भाषण शामिल हो सकता है, इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन जैसे कि करियर के इर्द-गिर्द थीम वाले नाटक या गीत प्रस्तुत किए जा सकते हैं। |
| प्रस्तुतीकरण: | इसके अन्तर्गत विभिन्न उद्योगों से जुड़े विशेषज्ञों, व्यापारिक क्षेत्र से, अन्य रोजगार तथा स्थानीय व्यवसाय से जुडे लोगों को (परिशिष्ट - 1) अपने-अपने काम-काज के बारे में बताने हेतु आंमत्रित किया जायेगा। वे अपनी प्रस्तुति में बतायेंगे कि उनके काम काज की संरचना किस प्रकार से है उसमें कैसे कौशल व तकनीक की आवश्यक होती है। वे ये भी बतायेंगे कि उन्हे इस मुकाम तक पहुँचने में कौन-कौनसी बाधाओं का सामना करना पड़ा और उन्होंने उन बाधाओं को किस तरह दूर किया। |
| प्रश्नोंत्तर | इसके तहत विषय विशेषज्ञों का विद्यार्थीयों के साथ संवाद कराया जाना हैं। इसमें विद्यार्थी अपनी समझ के अनुसार भविष्य निर्माण से संबंधित प्रश्न पूछेंगे और उत्तर प्राप्त करेंगे। इसकी पूर्व तैयारी विद्यालय स्तर पर की जानी अपेक्षित है। ये प्रश्नोत्तर मौखिक एवं लिखित दोंनो हो सकते हैं। |
| लेखन कार्यशाला: | किसी कंपनी में रोजगार प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थी को अपना आत्मवृत्त (बायोडाटा )प्रस्तुत करना होता है। एवं आदर्श बायोडाटा कैसे तैयार किया जाए व इसकी मोटी-मोटी रुपरेखा कैसे बनाई जा सकती है अर्थात अपने आप को कैसे प्रस्तुत किया जा सकता है, इसके लिए अच्छा बायोडाटा आवश्यक है। इस महत्वपूर्ण कार्य हेतु शिक्षक/विषय विशेषज्ञ द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। इसी के साथ विद्यार्थियों को साक्षात्कार की भी तैयारी करवाई जायेगी। |
| करियर जानकारी बूथ - | विभिन्न करियर्स की जानकारी उपलब्ध करने हेतु जानकारी बूथ स्थापित किये जाएंगे। जानकारी बूथ में विभिन्न करियर से सम्बन्धित डिस्प्ले, ब्रोशर, और सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। विद्यार्थी इन बूथों पर जाकर, सवाल पूछेंगे और विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। |
| करियर परामर्श सत्र | व्यक्तिगत या समूह करियर परामर्श सत्र प्रदान किये जाएंगे, जहां विद्यार्थी अपनी रुचियों, क्षमताओं और लक्ष्यों के बारे में चर्चा कर सकेंगे। करियर परामर्शदाता विद्यार्थियों को उनकी व्यक्तिगत सामर्थ्यों और आकांक्षाओं के आधार पर उपयुक्त करियर विकल्पों की ओर प्रेरित कर सकेंगे। |
| करियर पाथवे स्टॉल | गतिविधि: विभिन्न कैरियर धाराओं- STEM, कला, व्यावसायिक व्यापार, खेल और सरकारी नौकरियों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्टॉल लगाएं। प्रत्येक स्टॉल विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए ब्रोशर, वीडियो और लाइव प्रदर्शन प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, एक STEM स्टॉल में कोडिंग चुनौती |

| | |
|---|---|
| | शामिल हो सकती है, जबकि एक कला स्टॉल में लाइव पेंटिंग प्रदर्शन हो सकता है। |
| इंटरैक्टिव कैरियर वार्ता | गतिविधि: विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर 20 मिनट की बातचीत देते हैं, अपने करियर पथ, आवश्यक कौशल और दिन-प्रतिदिन के अनुभवों को साझा करते हैं। विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इन सत्रों में भी शामिल हो सकते हैं। व्यक्तिगत बातचीत के लिए छोटे समूह चर्चाएँ आयोजित करें। |
| व्यावहारिक गतिविधियाँ | गतिविधि: करियर रोडमैप बनाने जैसी व्यावहारिक गतिविधियाँ आयोजित करें, जहाँ विद्यार्थी अपने लक्ष्यों और आवश्यक कदमों की कल्पना करते हैं। मॉक बैंकिंग जैसे सिमुलेशन व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे करियर के विकल्प अधिक मूर्त और आकर्षक बन जाते हैं। |
| करियर क्विज़ प्रतियोगिता | गतिविधि: करियर से संबंधित विषयों, जैसे कि प्रसिद्ध पेशेवर, नौकरी कौशल और शैक्षिक मार्ग को कवर करने वाली क्विज़ का आयोजन करें। विजेताओं के लिए पुरस्कार में पुस्तकें या प्रमाणपत्र शामिल हो सकते हैं, जिससे विद्यार्थियों को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। |
| अलुमनाई नेटवर्किंग - | वर्तमान विद्यार्थियों का विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों के साथ सत्र आयोजित किये जायेगे। इन सत्रों के माध्यम से विभिन्न करियर विकल्पों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। विद्यार्थी अपने विद्यालयों के सफल व्यक्तियों से जुड़ सकेंगे, सलाह ले सकेंगे, और उनके अनुभवों से सीख सकेंगे। |
| फीडबैक बूथ | गतिविधि: फीडबैक स्टेशन विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने, प्रश्न पूछने और अपनी रुचियों को साझा करने की अनुमति देते हैं। इन बूथों पर प्रशिक्षित परामर्शदाता वास्तविक समय की सलाह और संसाधन प्रदान करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक विद्यार्थीके प्रश्नों का समाधान किया जाए। |

## 5 छात्राओं के लिए विशेष गतिविधियाँ

| | |
|---|---|
| करियर मेंटरशिप सर्किल | गतिविधि: सफल महिला पेशेवरों के नेतृत्व में छोटे मेंटरशिप समूह करियर की आकांक्षाओं, चुनौतियों और सामाजिक बाधाओं को दूर करने की रणनीतियों पर चर्चा करते हैं। ये सत्र छात्राओं को अपने सपनों को आत्मविश्वास के साथ पूरा करने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, खासकर पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में। |
| गैर परंपरागत कैरियर प्रदर्शन | गतिविधि: ड्रोन तकनीक, खेल संचालन या डिजिटल मार्केटिंग जैसे कम-देखे या सुने जाने वाले करियर को हाइलाइट करें। इन क्षेत्रों के पेशेवर अपने काम का प्रदर्शन करते हैं और इन करियर की ओर ले जाने वाले शिक्षा पथों को साझा करते हैं, जिससे विद्यार्थियों को पारंपरिक विकल्पों से परे सोचने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके लिए शिक्षक आरएससी ईआरटी द्वारा जॉब कार्ड्स को देख सकते हैं जिसमे लड़कियों के लिए अनेक गैर परंपरागत जॉब्स के बारे में बताया गया है। जॉब कार्ड्स को आरएससीईआरटी के आकलन के पोर्टल से और करिअर गाइडन्स पोर्टल से देखा जा सकता है। |
| कौशल कार्यशालाएँ | गतिविधि: कोडिंग, टेलरिंग या ग्राफ़िक डिज़ाइन जैसे कौशल पर कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं। प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव मिलता है और वे सीखते हैं कि कैसे ये कौशल रोज़गार और स्व-रोज़गार दोनों की ओर ले जा सकते हैं, जिससे नए अवसरों के द्वार खुलते हैं। |

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, राजीव गांधी भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
दूरभाष: 0141–2715548, E-mail: mis.nsqf.raj@gmail.com


## 6. हितधारकों को शामिल करना

| | |
|---|---|
| माता-पिता | गतिविधि: माता-पिता "करियर वार्तालाप" सत्र में भाग लेते हैं, अपने स्वयं के करियर के अनुभवों से अंतर्दृष्टि साझा करते हैं। स्कूल उन परिवारों को भी हाइलाइट कर सकते हैं जिन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा या अपरंपरागत करियर को आगे बढ़ाने में सहायता की है, जिससे प्रोत्साहन का माहौल बनता है। |
| स्काउट और एनसीसी छात्र | गतिविधि: स्काउट और एनसीसी विद्यार्थीनेतृत्व की भूमिका निभाते हैं, स्टॉल का प्रबंधन करते हैं, आगंतुकों का मार्गदर्शन करते हैं और सत्रों की मेजबानी करते हैं। यह भागीदारी न केवल उनके संगठनात्मक कौशल को विकसित करती है बल्कि युवा विद्यार्थियों को इस तरह की पाठ्येतर गतिविधियों के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करती है। |
| पंचायती राज संस्थाएँ | गतिविधि: स्थानीय पंचायती राज संस्थाओं के साथ मिलकर लॉजिस्टिक सहायता, प्रायोजन और अतिथि वक्ता प्रदान करें। प्रतिनिधि शिक्षा और करियर विकास से संबंधित सरकारी पहलों को उजागर कर सकते हैं, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में जागरूकता पैदा हो सकती है। |
| उच्च शिक्षा संस्थान | गतिविधि: स्थानीय कॉलेज, आईटीआई और विश्वविद्यालय करियर परामर्श सत्र आयोजित कर सकते हैं और अपने पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। इन संस्थानों के संकाय सदस्य या विद्यार्थी कैंपस जीवन और करियर के अवसरों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी दे सकते हैं। |

## 7. सीएसआर संसाधनों का लाभ उठाना

**गतिविधि:** मेले के लिए करियर किट, बैनर या जलपान प्रायोजित करने के लिए स्थानीय उद्योगों के साथ भागीदारी करें। उद्योग स्टॉल के लिए पेशेवर वक्ता या सामग्री भी प्रदान कर सकते हैं। करियर मार्गदर्शन में विशेषज्ञता रखने वाले एनजीओ विद्यार्थियों  के लिए अनुकूलित कार्यक्रम या छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए सहयोग कर सकते हैं।

## 8. सरकारी विभागों की सक्रिय भागीदारी

| विभाग | गतिविधि |
|---|---|
| कौशल विकास और उद्यमिता विभाग | व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रदर्शन, सरकार द्वारा प्रायोजित पाठ्यक्रमों और छात्रवृत्तियों पर प्रकाश डालना। संवादात्मक सत्रों में यह बताया जाना चाहिए कि विद्यार्थी इन पहलों में कैसे नामांकन कर सकते हैं और उनसे कैसे लाभ उठा सकते हैं। |
| रोजगार और श्रम विभाग | नौकरी मेले, रोजगार एक्सचेंज और इंटर्नशिप के बारे में बताने वाला एक बूथ। इच्छुक विद्यार्थियों  के लिए मौके पर ही पंजीकरण की पेशकश की जा सकती है, जिससे उनके करियर पथ पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। |
| राजस्थान राज्य आजीविका मिशन (RSLM) | स्वरोजगार के अवसरों और उद्यमिता पर कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं। विभाग ग्रामीण उद्यमियों की सफल कहानियों को प्रदर्शित कर सकता है, जिससे विद्यार्थियों को इसी तरह के रास्ते तलाशने के लिए प्रेरणा मिलती है। |

| | |
|---|---|
| उद्योग विभाग | प्रशिक्षुता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्थानीय उद्योगों के साथ सहयोग करना। व्यवसाय के लीडर अपने अनुभव साझा करते हैं और मांग में कौशल को उजागर करते हैं, जिससे शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटा जा सकता है। |
| सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग | हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए सरकारी योजनाओं पर मार्गदर्शन समावेशिता सुनिश्चित करता है। विशेष जरूरतों वाले विद्यार्थियों के लिए तैयार की गई कार्यशालाएँ समान कैरियर के अवसरों को बढ़ावा देती हैं। |
| कृषि विभाग | आधुनिक कृषि पद्धतियों, जैसे ड्रोन का उपयोग और संधारणीय खेती पर प्रदर्शन। मिट्टी परीक्षण जैसी व्यावहारिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों को कृषि आधारित करियर की खोज में संलग्न करती हैं। |
| पर्यटन विभाग | पर्यटन, विरासत प्रबंधन और आतिथ्य में करियर का प्रदर्शन किया जाता है। स्थानीय कलाकारों और कलाकारों के साथ मिलकर काम करने से सांस्कृतिक और पर्यटन क्षेत्रों में अवसरों का प्रदर्शन होता है। |

## 9. मेले के बाद फॉलोअप कार्रवाई

मेले की गतिविधियों, मुख्य सीखों और फीडबैक का सारांश देते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट संकलित करें और वितरित करें। स्कूलों को करियर मार्गदर्शन में निरंतरता सुनिश्चित करने और एक समर्पित करियर परामर्श सेल स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करनी चाहिए।

## 10. वित्तीय प्रावधान -

11751 क्लस्टर स्तरीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों हेतु:

| क्र.सं. | विवरण | अनुमानित व्यय राशि |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री क्रय करना।<br>जैसे - रंगीन कागज, चार्ट, कलर, क्ले, पिक्चर चार्ट इत्यादि | 3000 |
| 2 | करियर मेले में सहयोगी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन सामग्री जैसे- पानी की बोतल, पेन/पेन्सिल, लंच बॉक्स इत्यादि | 3000 |
| 3 | अल्पाहार मेले में भाग लेने वाले विद्यार्थियों अध्यापक व अभिभावक | 3000 |
| 4 | स्टॉल हेतु आवश्यकतानुसार टेंट सामग्री | 4500 |
| 5 | अतिथियों एवं एलुमिनी विद्यार्थियों के सम्मान हेतु मोमेंटो, पुष्पगुच्छ, इत्यादि | 1500 |
| | **कुल राशि** | **15000** |
| **उक्त अनुमानित व्यय विभाजन राशि का परस्पर समायोजन किया जा सकता है।** | | |

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, राजीव गांधी भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2715548, E-mail: mis.nsqf.raj@gmail.com


154 पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालयों हेतु:

| क्र. | विवरण | अनुमानित व्यय राशि |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री क्रय करना। जैसे - रंगीन कागज, चार्ट, कलर, क्ले, पिक्चर चार्ट इत्यादि | 5000 |
| 2 | करियर मेले में सहयोगी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन सामग्री जैसे- पानी की बोतल, पेन/पेन्सिल, लंच बॉक्स इत्यादि | 5000 |
| 3 | अल्पाहार मेले में भाग लेने वाले विद्यार्थियों अध्यापक व अभिभावक | 10000 |
| 4 | स्टॉल हेतु आवश्यकतानुसार टेंट सामग्री | 10000 |
| 5 | अतिथियों एवं एलुमिनी विद्यार्थियों के सम्मान हेतु मोमेंटो, पुष्पगुच्छ, इत्यादि | 10000 |
| 6 | प्रचार प्रसार सामग्री (पम्पलेट, फ्लेक्स, बैनर आदि) एवं विविध व्यय | 10000 |
| | **कुल राशि** | **50000** |
| **उक्त अनुमानित व्यय विभाजन राशि का परस्पर समायोजन किया जा सकता है।** | | |

उक्त अनुमानित व्यय विभाजन राशि का परस्पर समायोजन किया जा सकता है। इस प्रकार प्रत्येक क्लस्टर विद्यालय हेतु 15,000/- रूपये एवं पीएमश्री विद्यालयों हेतु 50,000/- रुपये निर्धारित है। इसके अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होने पर स्थानीय स्तर पर भामाशाहों का सहयोग लिया जाए।

उपर्युक्त राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाई जावे-

- संबंधित संस्थाप्रधान गतिविधि के आयोजन के 7 दिवस में उपयोगिता प्रमाण पत्र मय बाउचर ब्लाक कार्यालय में जमा करावें। ब्लाकॅ के समस्त विद्यालयो से प्राप्त वाउचर
- समेकित कर जिला कार्यालय तथा समस्त जिले के उपयोगता प्रमाण पत्र समेकन पष्चात सूचना राज्य कार्यालय को प्रस्तुत करे।

**उत्तरदायित्व-**

| जिला स्तर के दायित्व | ब्लॉक स्तर के दायित्व | संस्था प्रधान स्तर के दायित्व |
|---|---|---|
| ब्लॉक एवं विद्यालयों तक दिशा-निर्देशों व राशि की पहुँच सुनिश्चित करना | विद्यालयो को दिशा-निर्देशों तथा राशि का हस्तान्तरण शीघ्र प्रेषित करना। | परिक्षेत्र के विद्यालयों के साथ समन्वय कर प्रभावी करियर मेले का आयोजन कराना। |
| करियर मेले के आयोजन दिवस को प्रभावी मॉनिटरिंग मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं ब्लॉक कार्यालयों पर प्रभारी नियुक्त करना | करियर मेले के प्रभावी आयोजन हेतु संस्थाप्रधानो के साथ मिलकर कार्ययोजना निर्माण करना। | विद्यालय के समस्त विद्यार्थियो की सहभागिता सुनिश्चित करना। |
| करियर मेले के प्रभावी आयोजन हेतु समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी (व्यावसायिक शिक्षा) के साथ मिलकर कार्ययोजना निर्माण करना। | करियर मेले के आयोजन दिवस को प्रभावी मॉनिटरिंग करना एवं आवष्यकतानुसार संबलन देना। | करियर मेले के आयोजन हेतु समस्त व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करना। |

विशेष-

- जिस मद के लिए राशि उपलब्ध कराई जाये, व्यय उसी मद में ही किया जावे।
- व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
- राशि का उपयोग योजना के दिशा-निर्देश, शिक्षा मंत्रालय की गाईड लाईन एवं लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 एवं वित्तीय नियमों की पूर्ण पालना करते हुए विहित प्रक्रियानुसार किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

## महत्वपूर्ण

विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करने एवं उनसे संवाद करने के लिए कार्यशालाओं के आयोजन हेतु विभिन्न क्षेत्रों से निम्न विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जा सकता है-

**प्रौद्योगिकी और नवाचार विशेषज्ञ-** स्थानीय तकनीशियन, मोटर मैकेनिक, आईटीआई डिप्लोमा धारी पेशेवर, बिजली मैकेनिक, ऑटोमोबाइल मैकेनिक, कंप्यूटर मैकेनिक, ब्रॉडबैंड इंटरनेट एवं केबल मैकेनिक, ई-मित्र विशेषज्ञ इत्यादि।

**वित्तीय और निवेश विशेषज्ञ-** ब्रोकर, निवेश सलाहकार, बैंकर, लेखाकार, वकील, बीमा एजेंट और वित्तीय योजनाकार इत्यादि।

**वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर-**

**स्वास्थ्य और कल्याण विशेषज्ञ-** मनोरोग पुनर्वास परामर्शदाता, काउंसलर/ मनोचिकित्सक, मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, थेरेपिस्ट, सर्जन, आयुर्वेदिक विशेषज्ञ, वैद्य, कम्पाउण्डर, नर्स, वार्ड बॉय, होमियोपैथी विशेषज्ञ इत्यादि।

**लेखक एवं कवि-** जर्नलिस्ट, पुस्तक लेखक, आध्यात्मिक लेखक, पर्यावरण लेखक, पत्रकार, न्यूज़ पेपर एडिटर इत्यादि।

**रचनात्मकता और कला प्रेरक-** दृश्य कला विशेषज्ञ, थिएटर आर्टिस्ट, पेंटर, संगीतज्ञ, मूर्ति कला विशेषज्ञ, शिल्पकार इत्यादि।

**अन्य-** सोशल मीडिया और डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ, सेवानिवृत शिक्षक, स्थानीय व्यापारी, स्थानीय उत्पादक व्यावसायिक शिक्षा सेक्टरो से सम्बन्धित विषय विशेषज्ञ।

## क्रियान्वयन की समय सारणी

| क्र.सं. | दिनांक | गतिविधि का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 01.02.2025 | करियर फेयर के आयोजन के संबंध में जिला अधिकारियों के साथ चर्चा हेतु राज्य स्तरीय वीसी। |
| 2 | 06.02.2025 | करियर फेयर से संबंधित कार्यों के फॉलोअप लिये जाने हेतु राज्य स्तरीय वीसी। |
| 3 | **10.02.2025** | **करियर फेयर का आयोजन।** |
| 4 | 11.02.2025 to 15.02.2025 | समस्त जिलों से प्रगति की सूचना प्राप्त करना। |

## मॉनिटरिंग का उत्तरदायित्व

| क्र.सं. | दिनांक | गतिविधि का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | राज्य स्तर | व्यावसायिक शिक्षा प्रकोष्ठ, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर। |
| 2 | जिला स्तर | मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक तथा अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, सम्बन्धित जिला। |
| 3 | विद्यालय स्तर | संस्थाप्रधान। |